# Rajkiya Mahila Snatkottar Mahavidyalaya, Ghazipur

## College in News

**13.03.2023**

# शिक्षकों को मिला सर्जना सम्मान

### डीएम को स्मृतिचिन्ह देकर किया सम्मानित



गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका औखरी ने छात्राओं, कर्मचारियों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। डॉ उमाशंकर प्रसाद, डॉ शिखा सिंह एवं डॉ राजेश कुमार यादव को सर्जना सम्मान 2023 प्रदान किया गया। जबकि लवली सिंह एवं जबीउल्ला कुरैशी को विशिष्ट सेवा सम्मान 2023 प्रदान किया गया। विभाग वार उपलब्धियों के लिए प्राचार्य ट्राफी चित्रकला विभाग को प्रदान की गई। सर्वोत्तम रेंजर्स का पुरस्कार समीना को, सर्वोत्तम रासेयों स्वयंसेवक का पुरस्कार सत्या कुमारी को, तथा एनसीसी बेस्ट कैडेट का पुरस्कार दिशा राय को प्रदान किया गया।कला संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर सौम्या मिश्रा को श्रीयुत महेंद्र प्रताप सिंह स्वर्ण पदक तथा विज्ञान संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर श्वेता यादव को श्रीयुत शिव मूरत पाठक स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। परास्नातक की विभिन्न टॉपर छात्राओं शिप्रा राय प्राचीन इतिहास, साधना यादव अर्थशास्त्र, शीलू किरण राजनीति शास्त्र, नौरीन अख्तर अंग्रेजी को श्री तारा चंद्र मेमोरियल स्वर्ण पदक एवं 5000 नगद तथा पूजा यादव गृह विज्ञान, सिल्की सिंह शिक्षा शास्त्र एवं ज्योति वर्मा हिंदी को श्री शिव मूरत पाठक सम्मान पुरस्कार एवं 51सौ नगद प्रदान किए गए। प्रोफेसर सरस्वती सिंह बहुमुखी प्रतिभा पदक रेंजर लीडर जयति जैन को तथा प्रोफेसर अशोक चंद्र सिंह सांस्कृतिक उत्कृष्टता पदक रेंजर दामिनी चौधरी को प्रदान किया गया। इसी प्रकार डॉ राजकुमारी पाठक सम्मान पुरस्कार वैष्णवी वर्मा को तथा श्रीमती सत्या लाल मेमोरियल स्वर्ण पदक शिवानी तिवारी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर विजेता छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप पदक एवं प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका औखरी एवं वरिष्ठ साहित्यकार नीरजा माधव द्वारा दिए गए।

# छात्राएं शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी भागीदारी दर्ज कराएं

## महिला पीजी कालेज के वार्षिकोत्सव में डीएम ने छात्राओं का बढ़ाया हौसला, साहित्यकार नीरजा माधव ने नारी शक्ति को विशिष्ट बताया

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का 45 वां वार्षिकोत्सव मेधा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह, सर्जना-2023 धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डा. नीरज माधव रही। जिलाधिकारी गाजीपुर आर्यका अखौरी ने महाविद्यालय की ओर से मिले प्यार और सम्मान के लिए समस्त महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को स्नातक एवं परास्नातक शिक्षा के पश्चात नए जमाने के कौशल सीखने पर जोर दिया। जिनसे उन्हें रोजगार प्राप्त हो सके। छात्राएं नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थिति के साथ-साथ से शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी अपनी सतत भागीदारी दर्ज कराएं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार नीरजा माधव ने उपस्थित छात्राओं एवं नारी शक्ति को विशिष्ट बताया। कहा हमारे यहां स्त्री अनादि काल से शक्ति स्वरूपा है। हमारी सनातन संस्कृति स्त्री का सम्मान करती है और हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाना है। प्राचार्य डॉ सविता भारद्वाज ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए कहा की महिला दिवस पर सशक्त एवं विद्वत महिलाओं की उपस्थिति महाविद्यालय के लिए हर्ष का विषय है। कार्यक्रम का संचालन समारोहक डा. विकास सिंह ने तथा आभार ज्ञापन डा. निरंजन कुमार यादव ने किया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत प्रज्ञा रेंजर कलर पार्टी द्वारा किया गया। एनसीसी छात्राओं ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वय के अभिनंदन पत्र का वाचन डा. संगीता एवं डा. निरंजन द्वारा किया गया। वार्षिक प्रगति आख्या मीडिया प्रभारी डा. शिवकुमार ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की शोध निबंध पुस्तिका सुकृति तथा डा. निरंजन कुमार यादव की आलोचनात्मक कृति कबीर की विरासत का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डा. बीडी मिश्रा, हिमांशु उपाध्याय, डा. सुशील कुमार तिवारी, जनपद स्काउट गाइड के दिनेश कुमार यादव, उबैद उर रहमान, विकास कुमार राय, डा. प्रियंका यादव, डा. कौशल श्रीवास्तव, गणमान्य नागरिक, अभिभावक, छात्राएं, महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी रहे।



### डीएम ने शिक्षकों-कर्मचारियों और छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम में छात्राओं, कर्मचारियों एवं शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। डा. उमाशंकर प्रसाद, डा. शिखा सिंह एवं डा. राजेश कुमार यादव को सर्जना सम्मान 2023 प्रदान किया गया। जबकि लवली सिंह एवं जबीउल्ला कुरैशी को विशिष्ट सेवा सम्मान 2023 प्रदान किया गया। विभाग वार उपलब्धियों के लिए प्राचार्य ट्राफी चित्रकला विभाग को प्रदान की गई। शिक्षणेत्तर गतिविधियों के लिए सर्वोत्तम रेंजर्स का पुरस्कार समीना को सर्वोत्तम रासेयों स्वयंसेवक का पुरस्कार, सत्या कुमारी को तथा एनसीसी बेस्ट कैडेट का पुरस्कार दिशा राय को प्रदान किया गया। कला संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर सौम्या मिश्रा को श्रीयुत महेंद्र प्रताप सिंह स्वर्ण पदक तथा विज्ञान संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर श्वेता यादव को श्रीयुत शिव मूरत पाठक स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। परास्नातक की विभिन्न टॉपर छात्राओं शिप्रा राय प्राचीन इतिहास, साधना यादव अर्थशास्त्र, शीलू किरण राजनीति शास्त्र, नौरीन अख्तर अंग्रेजी को श्री तारा चंद्र मेमोरियल स्वर्ण पदक एवं 5000 नगद तथा पूजा यादव गृह विज्ञान, सिल्की सिंह शिक्षा शास्त्र एवं ज्योति वर्मा हिंदी को श्री शिव मूरत पाठक सम्मान पुरस्कार एवं 51सौ नगद प्रदान किए गए। प्रोफेसर सरस्वती सिंह बहुमुखी प्रतिभा पदक रेंजर लीडर जयति जैन को तथा प्रोफेसर अशोक चंद्र सिंह सांस्कृतिक उत्कृष्टता पदक रेंजर दामिनी चौधरी को प्रदान किया गया। इसी प्रकार डा. राजकुमारी पाठक सम्मान पुरस्कार वैष्णवी वर्मा को तथा श्रीमती सत्या लाल मेमोरियल स्वर्ण पदक शिवानी तिवारी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सामान्य ज्ञान, वाद विवाद, निबंध, लोक गीत, लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिताओं के विजेता छात्राओं को भी पुरस्कार स्वरूप पदक एवं प्रमाण पत्र दिए गए।

Rajkiya Mahila S...

# समाज के उत्थान के लिए कार्य करता है रासेयो

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजीपुर डॉ. जीसी मौर्य ने कहा कि रासेयो न केवल समाज के उत्थान के लिए कार्य करता है बल्कि इसमें सम्मिलित बच्चों का चतुर्दिक व्यक्तित्व विकसित होता है।

यह युवाओं में समाज के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ाता है। प्राचार्य प्रो. सविता भारद्वाज ने बच्चों से आह्वान किया कि वह समाज में सकारात्मक, रचनात्मक प्रयास लाने के लिए अपना योगदान करें। इससे पहले मुख्य अतिथि का स्वागत वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. अमित यादव ने किया। संवाद

# ...ल पांच केंद्र बने

भी शुरू हो गई है। जिले में मूल्यांकन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस बार मूल्यांकन शुरू होने से पहले परीक्षक, उप प्रधान, उप नियंत्रक और प्रधानाचार्य का प्रशिक्षण कराया जाना है।

प्रशिक्षण आडियो और वीडियो दोनों माध्यम से दिया जाएगा। इसके अलावा निर्देश पुस्तिका भी प्रदान की जाएगी। यह पहला अवसर है जब मूल्यांकन के पूर्व परीक्षकों, उप प्रधान, नियंत्रक को प्रशिक्षण देकर ट्रेंड किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक अशोकनाथ तिवारी ने बताया कि मूल्यांकन के लिए जिले में कुल पांच केंद्र बनाए गए हैं।

# अनुशासन ही युवाओं को लक्ष्य तक पहुंचाता है




बहादुरगंज स्थित गोपीनाथ पीजी कॉलेज में आयोजित शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। संवाद

जमानिया। स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शुरू हुआ। वक्ताओं ने कहा कि अनुशासन ही युवाओं को लक्ष्य तक पहुंचाता है। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी ने कहा कि श्रम और अनुशासन ही युवाओं को उनके लक्ष्य तक पहुंचने का माध्यम है।

अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार शर्मा ने युवाओं को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। रंगारंग कार्यक्रम भी हुए। इस दौरान प्रो. मदन गोपाल सिन्हा, डॉ. संजय कुमार सिंह, प्रो. अरुण कुमार, डॉ. अंगद तिवारी, डॉ. धर्मेंद्र यादव रहे। संचालन डॉ. राकेश कुमार सिंह ने किया।

उधर, क्षेत्र के बरुइन गांव स्थित राजकिशोर सिंह महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का संयुक्त उद्घाटन महाविद्यालय के सभागार में हुआ। इस दौरान प्राचार्य, उपेंद्र सिंह, डॉ.

## रासेयो का सात दिवसीय शिविर शुरू

बहादुरगंज। गोपीनाथ पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को देवली स्थित प्राथमिक विद्यालय पर किया गया। मुख्य अतिथि गोपीनाथ फार्मेसी कालेज के प्रिंसिपल रामजी कुशवाहा ने कहा कि शिविर के माध्यम से छात्रों का चारित्रिक एवं सामाजिक विकास होता है जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

अध्यक्षता करते हुए गोपीनाथ ग्रुप आफ कालेजेस के संरक्षक राकेश तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र अपने जीवन को अनुशासित बनाकर राष्ट्र निर्माण में अपने को स्थापित कर सकते हैं। इस दौरान डीसीएसके पीजी कालेज मऊ के इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. मो. ज्याउल्लाह, सईदुर्रहमान, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष डीसीएसके शाहिद लारी, अल्तमश अंसारी, राशिद उपस्थित थे। संचालन डॉ. गिरीश चंद ने किया। संवाद

कुमार पांडेय, राधेश्याम शुक्ल उपस्थित थे।